SWAच्छ VAARTA

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

मई-जून 2025 संस्करण

# एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली



## स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 न्यूज़लेटर

# INDEX




Pg-4
भारत ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



Pg-11
स्वच्छ टॉक्स एपिसोड 10



Pg-12
विश्व पर्यावरण दिवस



Pg-14
शहरों में प्लास्टिक वेस्ट से निपटने की चुनौती



Pg-16
मासिक धर्म स्वच्छता दिवस



Pg-17
मन की बात



Pg-18
ADB ने दर्शायी शहरी परिवर्तन और विकास की प्रतिबद्धता



Pg-19
केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में हुई शहरी विकास पर राज्यों से चर्चा



Pg-21
शहरी परियोजनाओं की समीक्षा के लिए राज्य मंत्री ने किया राज्यों का दौरा



Pg-22
समीक्षा बैठकें



Pg-23
स्वच्छता खबरों में



इस वर्ष के ‘पर्यावरण दिवस’ की थीम प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान है और मुझे खुशी है कि जो बात विश्व आज कर रहा है उस पर भारत पिछले 4-5 साल से लगातार काम कर रहा है। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत सुखद बात है कि ‘मिशन LiFE’ - यानी ‘लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट’ आज पूरे विश्व में एक पब्लिक मूवमेंट - जन आंदोलन बनता जा रहा है। लाखों साथियों ने ‘रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल’ का मंत्र अपने रोजमर्रा के जीवन में अपनाया है।

**श्री नरेंद्र मोदी**

**माननीय प्रधानमंत्री, विश्व पर्यावरण दिवस 2025**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए चलाया अभियान




- **प्लास्टिक आउट - फैब्रिक इन**
- **आरआरआर केंद्रों पर प्लास्टिक संग्रहण अभियान**
- **स्वच्छ भारत, हरित भारत: ग्रीन प्लेज**

विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस 2025 वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर केंद्रित रहा। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के दृष्टिकोण पर आधारित, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने जन जागरूकता, एक्शन और लांग टर्म व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से प्रभावशाली गतिविधियों की एक श्रृंखला (1 से 5 जून, 2025) के साथ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व किया।

प्लास्टिक प्रदूषण कई स्तरों पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है — यह जल निकायों को अवरुद्ध करता है, समुद्री जीवन को संकुचित करता है और जलीय पारिस्थितिक तंत्रों को बाधित करता है। यह मिट्टी की गुणवत्ता को खराब करता है, भूमि और वायु में विषैले रसायनों को छोड़ता है और दीर्घकालिक पर्यावरणीय क्षति में योगदान देता है। महासागरों से लेकर खेतों तक, प्लास्टिक एक ऐसा निशान छोड़ता है जो अपूरणीय हानि का कारण बनता है। स्वच्छ भारत मिशन ने देश में शहरों की स्वच्छता को बदलने में नागरिकों की एकजुट भागीदारी की ताकत को दिखाया है। अब, यह सस्टेनेबिलिटी और इकोलॉजिकल सामंजस्य के लिए एक व्यापक अभियान चला रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के हिस्से के रूप में, SBM-U ने पहल शुरू की: (i) प्लास्टिक आउट, फैब्रिक इन – भारी आवाजाही वाले क्षेत्रों में कपड़े के थैले की वेंडिंग मशीन कियोस्क, (ii) RRR केंद्रों पर प्लास्टिक संग्रहण अभियान, और (iii) स्वच्छ भारत हरित भारत- ग्रीन प्लेज।

देश भर के शहरों ने सक्रिय रूप से हरित पहलों में भाग लिया - पर्यावरण के अनुकूल कपड़े के थैले वितरित करने और वेंडिंग मशीनें लगाने से लेकर रीसाइकल मेला, प्लास्टिक संग्रहण अभियान, साइक्लाथॉन और ग्रीन प्लेज आदि का आयोजन किया।



# अभियान की उपलब्धियां

## प्लास्टिक आउट - फैब्रिक इन

**5400**

कपड़े के थैले की वेंडिंग मशीन कियोस्क लगाए गए

**2 लाख**

से अधिक एसएचजी महिला सदस्य शामिल हुईं

**9 लाख**

से अधिक कपड़े के थैले वितरित किए गए

## आरआरआर केंद्रों पर प्लास्टिक संग्रहण अभियान

**1 लाख**

किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक संग्रहण किया गया

## स्वच्छ भारत हरित भारत- ग्रीन प्लेज

**14 लाख**

से अधिक लोगों को स्वच्छ भारत, हरित भारत की शपथ दिलाई गई

# प्लास्टिक आउट, फैब्रिक इन



## ओल्गरेट

ओल्गरेट की टीम स्वच्छ ने सस्टेनेबल विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय बाजारों में कपड़े के थैले वितरित किए।



## मीरा भायंदर

मीरा भायंदर ने बाजारों में थैला बैंक शुरू किए, जिसके तहत रीयूज एंड रिटर्न थीम पर ग्राहकों को कपड़े के बैग उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



## अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ में, दीदी झोला बैंक चलाने वाले “गुरुर शिव शक्ति एसएचजी” ने ईको-फ्रेंडली कपड़े के थैले वितरित किए।




## नेल्लोर

नेल्लोर नगर निगम ने SUP पर प्रतिबंध को बढ़ावा देने के लिए शहर भर में 10,000 कपड़े के थैले वितरित किए।

# आरआरआर केंद्रों पर प्लास्टिक संग्रहण अभियान




## अनंतनाग

अनंतनाग के 'प्लास्टिक भिक्षा अभियान' में स्वयंसेवकों ने आरआरआर केंद्रों पर पर्यावरण अनुकूल निपटान के लिए घर-घर जा कर SUP एकत्र किए।

## श्रीमाधोपुर

श्रीमाधोपुर, राजस्थान में नागरिकों न विश्व पर्यावरण दिवस पर सुरक्षित निपटान के लिए आरआरआर केंद्र में प्लास्टिक की वस्तुएं दान की।







## इंदौर

इंदौर ने कई झुग्गी-झोपड़ियों में 'आरआरआर स्लम हाट' का आयोजन किया, जिसमें जरूरतमंदों को आरआरआर केंद्रों से उपयोगी वस्तुएं वितरित की गईं।

## कुरुंजी नगर

विश्व पर्यावरण दिवस पर पुदुचेरी के कुरुंजी नगर आरआरआर केंद्र में आयोजित प्लास्टिक डोनेशन कैंपेन के दौरान कुल 10.5 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया गया।



# स्वच्छ भारत, हरित भारत: ग्रीन प्लेज

## भिवाड़ी

विश्व पर्यावरण दिवस पर भिवाड़ी नगर परिषद ने नागरिकों के साथ मिलकर ग्रीन प्लेज ली।



## नई दिल्ली

एनडीएमसी और चिंतन इंडिया ने #PlasticFreePledge अभियान चलाया, जिसमें नागरिकों ने कपड़े के थैलों का उपयोग करना शुरू किया और प्लेज वॉल पर प्रतीकात्मक पत्तों के साथ अपनी प्रतिज्ञा को चिह्नित किया।



## पिंपरी चिंचवड

पिंपरी चिंचवड में नागरिकों ने साइकिल रैली में एकजुट होकर भाग लिया और एक स्वच्छ और हरे-भरे भविष्य का संकल्प लिया।



## ओल्गरेट

पांडिचेरी नगर पालिका ने नागरिकों के साथ मिलकर प्लास्टिक को ना कहने की ग्रीन प्लेज ली।





# प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने को वैश्विक प्रयास में एकजुट हुए नागरिक

## लखनऊ



लक्ष्मण मेला घाट, गोमती नदी पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान

## तिरुपति



विश्व पर्यावरण दिवस पर तिरुपति में BYOB सेल्फी पॉइंट

## श्री विजयपुरम



श्री विजयपुरम में तिरूपति मंदिर के पास प्लास्टिक संग्रहण अभियान

## पुरी




पुरी में प्लास्टिक की बोतलों से बनाई गई रेत की कलाकृति

## पणजी



गोवा में प्लास्टिक प्रदूषण पर नुक्कड़ नाटक

## ठाणे



ठाणे में स्कूली छात्रों द्वारा फ्लैश मॉब

# गार्नियर ने प्लास्टिक कचरे में कमी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के साथ की साझेदारी




गार्नियर, एक वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध ब्यूटी ब्रांड, ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के साथ साझेदारी की है ताकि वह सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सके, विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे में कमी, रीयूज़ और रीसायकल के क्षेत्रों में। इस सहयोग के माध्यम से, गार्नियर स्वच्छ भारत मिशन के "रिड्यूस, रीयूज़, रीसायकल (RRR)" केंद्रों का समर्थन करेगा, जो शहरी भारत में रीसायकल योग्य सामग्री के प्रमुख संग्रह केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

इस साझेदारी के तहत, गार्नियर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपनी 'ग्रीन ब्यूटी पहल' की शुरुआत की। यह अभियान आठ तटीय शहरों—जैसे मुंबई, गोवा, विशाखापत्तनम, पुडुचेरी और अन्य में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान का संदेश था: Take One Green Step, इस पहल में नागरिकों, छात्रों और अभिनेता जॉन अब्राहम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, श्रीमती रूपा मिश्रा, संयुक्त सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MOHUA) ने कहा: "हम देशभर में प्लास्टिक कचरे में कमी लाने और बेहतर कचरा प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने के अपने सामूहिक प्रयास में गार्नियर के साथ साझेदारी करके खुश हैं। यह सहयोग दर्शाता है कि सरकार की पहल और निजी क्षेत्र के बीच मजबूत सहयोग के माध्यम से किस तरह बदलाव लाया जा सकता है।"

इस अभियान की शुरुआत देश के प्रमुख तटीय क्षेत्रों—जैसे मुंबई, चेन्नई, विशाखापत्तनम, पुडुचेरी, पुरी, गोवा, मंगलूरु और कासरगोड—में हजारों छात्र स्वयंसेवकों द्वारा संचालित बड़े पैमाने पर समुद्र तट स्वच्छता अभियानों के साथ हुई। अभिनेता जॉन अब्राहम ने चेन्नई में एक बीच क्लीनअप ड्राइव में स्वयंसेवकों के साथ भाग लिया और इस अभियान को समर्थन दिया।

Swachh Talks Webinar Series

# #10वां विशेष संस्करण

## विश्व पर्यावरण दिवस

## एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली








विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी ने 4 जून 2025 को 'स्वच्छ टॉक्स' के 10वें विशेष संस्करण का आयोजन किया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने के वैश्विक आह्वान को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। इस सत्र में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और स्थिरता को लेकर नवाचारी दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों और विचारशील नेताओं को एक मंच पर लाया गया।

सत्र के दौरान हीलिंग हिमालयाज़ के संस्थापक प्रदीप सांगवान ने साझा किया कि किस प्रकार 2016 की एक सफाई यात्रा ने पर्वतों को स्वच्छ रखने के एक आंदोलन को जन्म दिया। अब तक 1,000+ सफाई अभियानों के माध्यम से 1,600+ टन कचरा हटाया गया है और 8 मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRFs) संचालन में हैं — यह मिशन "जीरो वेस्ट हिल्स" की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

वहीं Pepcom India के संस्थापक श्री साग्निक मुखर्जी ने खाद्य उद्योग में प्लास्टिक पैकेजिंग से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला और बताया कि उन्होंने 70 लाख प्लास्टिक कंटेनरों को कागज़ के विकल्पों से प्रतिस्थापित किया है। अंत में, स्वयं सहायता समूह (SHG) की कार्यकर्ता सरस्वती और ताहिरा ने बताया कि कैसे त्रिची के सारा और अधिरा SHG महिलाएं तमिलनाडु की येलो बैग पहल के तहत पर्यावरण-अनुकूल कपड़े (मंजप्पै), जूट और कागज के बैग बनाकर महिलाओं को सशक्त बना रही हैं और प्लास्टिक के उपयोग को कम कर रही हैं।

# भारत ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**Narendra Modi**
@narendramodi

Today, on #WorldEnvironmentDay, we strengthened the #EkPedMaaKeNaam initiative with a special tree plantation drive. I planted a sapling at the Bhagwan Mahavir Vanasthali Park in Delhi. This is also a part of our effort to reforest the Aravalli range - the Aravalli Green Wall project.




@mlkhattar

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज दिल्ली स्थित आवास पर पौधरोपण किया।

आइए, हम सब मिलकर धरती को हरा-भरा, स्वच्छ और समृद्ध बनाने का संकल्प लें।

#WorldEnvironmentDay



**Tokhan Sahu**
@tokhansahu_bjp

हरित भारत, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत! 🇮🇳 🌿

विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आज अपने दिल्ली स्थित आवास पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पीपल का पौधा रोपित किया।



Swachh Bharat Urban
@SwachhBharatGov

Thane in Action for a Greener Future!

Thane Municipal Corporation marked #WorldEnvironmentDay with a series of green initiatives including cyclathon, street plays, rally, tree plantation drive, and an exhibition featuring vendors offering sustainable solutions.



Ministry of Railways
@RailMinIndia

From awareness drives to street plays, Indian Railways led a movement for the planet that swept across the nation. 🌍✨
#WorldEnvironmentDay2025
#BeatPlasticPollution
#MissionLife







diamirzaofficial and 4 others
Original audio

diamirzaofficial World Environment Day 2025 🌏
#BeatPlasticPollution

We are living through a crisis—not just of pollution, but of wasteful consumption.

We take, we use, we throw away. And where does it all go?
Into our oceans. Into the soil. Into the air we breathe.
And now, into our own bodies.

🧬 Microplastics have been found in blood, vital organs, breast milk, and unborn babies.
🐢 Animals are dying, entangled by plastics, or starving with plastic in their bellies.
🌿 Our ecosystems are suffocating under the weight of what we call "convenience."

But it doesn't have to be this way.

I made a commitment 10 years ago -
I haven't used a single plastic bottle, bag, or disposable cutlery since 🙌

One choice at a time. One habit at a time.
Because I truly believe:

We can be the generation that ended plastic pollution 🦋

Let's reject wasteful consumption.

MoEF&CC reposted
Bhupender Yadav @byadavbjp · Jun 5
How to Manage Plastic Waste इसका एक ही real solution है... प्रधानमंत्री जी का Mission LiFE का मंत्र।

#EndPlasticPollution



Prajakta Koli
@iamMostlySane

Switching to a reusable bottle? ♻️ Carrying a cloth bag? Small steps, big change! 💚

This #WorldEnvironmentDay2025, I'm celebrating my eco-wins with @UNDP_India and I want to see yours!

Drop your #ProudToSwitch moment below + tag a friend. Let's flood the timeline with PLANET LOVE!




MoEF&CC @moefcc · Jun 5
At the World Environment Day 2025 celebrations on the theme One Nation, One Mission: End Plastic Pollution at Bharat Mandapam, New Delhi, dignitaries inaugurated the National Expo showcasing eco-alternatives to single-use plastics and plastic waste management solutions.
Show more



India in Lebanon (Embassy of In
@IndiaInLebanon

On the occasion of World Environment Day, @IndiaInLebanon organised a vibrant Cycle Rally to promote eco-friendly living and raise awareness about environmental protection.
🚴

#EndPlasticPollution #MissionLiFE
#WorldEnvironmentDay2025



Southern Naval Command
@IN_HQSNC

⚓🌊On
#WorldEnvironmentDay2025, #SNC Parivaar reaffirms commitment towards conservation of Nature and promoting #sustainable living. Event saw motivated participation in various cleanup drives, Shramdaan, pledge taking ceremonies, cyclothon, tree plantation, awareness lectures, pledge taking ceremonies.
Aligned with this year's theme - Ending Global Plastic Pollution
#BeatPlasticPollution
#SaveThePlanet



Namami Gange
@cleanganganmcg

कल विश्व पर्यावरण दिवस पर एनवायरनमेंट क्लब व दीवान कॉलेज, मेरठ द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए छोटा हरिद्वार, मुरादनगर गंगनहर, गाजियाबाद में युवाओं के साथ मिलकर घाटों की सफाई की तथा माँ गँगा की निर्मलता बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्लास्टिक प्रदूषण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के अंत में सभी ने नदियों की स्वच्छता बनाए रखने व सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करने की शपथ भी ली।

#GangaPrahari #गँगा_प्रहरी
#NamamiGange
#WorldEnvironmentDay2025
#EnvironmentDay



# शहरों में प्लास्टिक वेस्ट से निपटने की चुनौती

## चार धाम में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम की व्यवस्था

डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम (DRS), जिसे मई 2022 में केदारनाथ में शुरू किया गया था, चार धाम क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे की समस्या से निपटने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से रिसपॉन्सिबल डिस्पोजल को बढ़ावा देता है। खरीदारी करते समय उपभोक्ताओं को प्लास्टिक की बोतलों और मल्टीलेयर्ड प्लास्टिक (MLPs) पर ₹10 की रिफंड योग्य जमा राशि देनी होती है, जिसे पंजीकृत दुकानों को वितरित किए गए QR कोड्स के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। इस्तेमाल किए गए पैकेजिंग को निर्धारित स्थानों या रिवर्स वेंडिंग मशीनों (RVMs) पर लौटाया जाता है, जहां से इसे व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटीज़ सेंटर में रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है। यह पहल अब गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ तक विस्तारित हो चुकी है। इसके तहत- 20 लाख प्लास्टिक बोतलों की रीसाइक्लिंग किया गई, 66 मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन को रोका गया, 110 से अधिक नौकरियां सृजित हुईं, और अनौपचारिक कचरा श्रमिकों की आय में 37.5% की वृद्धि हुई है।




## अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में प्लास्टिक मिल्क पाउच बाय-बैक योजना

बढ़ते प्लास्टिक कचरे से निपटने के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में प्लास्टिक मिल्क पाउच लौटाने की बाय-बैक योजना शुरू की गई। ANIIDCO और SVPMC के सहयोग से ऐसे संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए जहां उपभोक्ता उपयोग किए गए दूध के पाउच के बदले ताज़ा दूध या छूट जैसे ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से रीसाइकलिंग और रिसपॉन्सिबल डिस्पोजल को बढ़ावा दिया गया, जिससे सस्टेनेबिलिटी की संस्कृति विकसित हुई। इस पहल से समुदाय की भागीदारी मजबूत हुई और दीर्घकालिक पर्यावरणीय चेतना एवं स्थानीय सतत प्रथाओं को प्रोत्साहन मिला। यह संरचित बाय-बैक प्रणाली न केवल रीसाइकल वस्तुओं से राजस्व उत्पन्न कर रही है, बल्कि रिसपॉन्सिबल कचरा प्रबंधन के लिए आर्थिक प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। नवंबर 2024 तक, इस पहल के अंतर्गत 17,600 दूध के पाउच एकत्रित किए गए, जिनके बदले निवासियों को 352 लीटर दूध प्रदान किया गया।



# शहरों में प्लास्टिक वेस्ट से निपटने की चुनौती

## अंबिकापुर का मॉडल: प्लास्टिक वेस्ट का सामुदायिक कल्याण में परिवर्तन

प्लास्टिक प्रदूषण की चुनौतियों का सामना करने और स्थायी जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए अंबिकापुर नगर निगम ने गार्बेज कैफ़े, बर्तन बैंक और झोला बैंक जैसी अभिनव पहल शुरू कीं। जुलाई 2019 में शुरू किया गया गार्बेज कैफ़े वंचितों को प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन प्रदान करता है, जिसमें 500 ग्राम प्लास्टिक के बदले नाश्ता और 1 किलोग्राम के बदले दोपहर का भोजन शामिल है। इस तरह से 19,000 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक के बदले 24,000 से अधिक लोगों को भोजन परोसा गया है। इसके अलावा 90 से अधिक महिलाओं के नेतृत्व वाले SHGs अंबिकापुर में बर्तन बैंक चला रहे हैं, जो प्लास्टिक कटलरी के विकल्प के रूप में कम लागत वाले पुन: इस्तेमाल योग्य बर्तन उपलब्ध कराते हैं। साथ ही, SHGs से जुड़ी 35 महिलाओं द्वारा संचालित 25 झोला बैंक के माध्यम से प्लास्टिक पर निर्भरता कम करने के लिए कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।




## त्रिपुरा के कमलपुर ने SUP छोड़कर अपनाए कंपोस्टेबल बैग

त्रिपुरा में कमलपुर नगर पंचायत ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के एक स्थायी विकल्प के रूप में बायोडिग्रेडेबल, रसायन-मुक्त पॉलिमर, PBAT से बने कंपोस्टेबल बैग तैयार करके सस्टेनेबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपोस्टेबिलिटी और बायो-डिग्रेडेबिलिटी के मानकों को पूरा करने के लिए CIPET द्वारा प्रमाणित ये ईको-फ्रेंडली बैग 180 दिनों के भीतर डिकंपोज़ हो जाते हैं। यह ऐसे पारंपरिक प्लास्टिक के लिए एक व्यावहारिक विकल्प प्रदान करते हैं, जिसे नष्ट होने में सदियां लग सकती हैं। ये 145 रुपये प्रति किलोग्राम में थोक और 160 रुपये प्रति किलोग्राम में खुदरा मूल्य के हिसाब से काफी किफ़ायती और सुलभ हैं। यहां कंपोस्टेबल बैग के उपयोग को बढ़ावा देने, प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करते हुए रिस्पॉन्सिबल वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं।



# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**28 मई 2025**



## रायपुर




मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ में स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न ULBs की 200 स्वच्छता दीदियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

## आगरा




मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर आगरा ने 'मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं की सुरक्षा' के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए #SafetyINK अभियान शुरू किया। इस पहल में SHGs, RWAs, NGOs और स्कूलों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो पूरे शहर में सम्मान, सुरक्षित व्यवहार सहित समावेशी स्वच्छता को बढ़ावा दे रहे हैं।

## सूरत



सूरत नगर निगम ने मासिक धर्म स्वच्छता पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया, जहां छात्राओं को रेड डॉट चैलेंज, कहानियां सुनाने जैसी कई गतिविधियों के माध्यम से सैनिटरी पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निपटान के बारे में सिखाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 3,884 छात्रों ने भाग लिया।

## नई दिल्ली




NDMC और उसके सहयोगियों ने विमन्स टेक्निकल इंस्टिट्यूट में मासिक धर्म स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया। यहां 24 झुग्गी बस्ती इलाकों के लिए बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड बनाने वाली महिलाओं के नेतृत्व वाली इकाई से परिचय कराया गया और स्वच्छता सत्रों में भाग लेने के बाद छात्राओं को पैड दिए गए।

## करीमगंज



असम की टीम स्वच्छ और FFCT ने मिलकर MMMC स्कूल, श्रीभूमि में मासिक धर्म स्वच्छता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान छात्राओं ने लाइव डेमो के माध्यम से सैनिटरी पैड के उचित उपयोग और डस्टबिन या इंसिनेरेटर्स (खुले स्थानों या शौचालयों में नहीं) में इसके सुरक्षित निपटान के बारे में सीखा।

# मन की बात एपिसोड- 122

### 25 मई, 2025

## पेपर वेस्ट और रीसाइक्लिंग पर पीएम मोदी!



**साथियो, इसी से जुड़ा एक और जरुरी विषय है - Paper waste और recycling |** हमारे घरों और दफ्तरों में हर दिन बहुत सारा paper waste निकलता है | शायद, हम इसे सामान्य मानते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी, देश के landfill waste का लगभग एक चौथाई हिस्सा कागज से जुड़ा होता है | आज जरुरत है, हर व्यक्ति इस दिशा में जरुर सोचे |



मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि भारत के कई Start-Ups इस sector में शानदार काम कर रहे हैं | विशाखापत्तनम, गुरुग्राम ऐसे कई शहरों में कई Start-Up paper recycling के innovative तरीके अपना रहे हैं | कोई recycle paper से packaging board बना रहा है, कोई digital तरीकों से newspaper recycling को आसान बना रहा है | **जालना जैसे शहरों में कुछ Start-Up 100 percent recycled material से packaging roll और paper core बना रहे हैं |**

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आईटीबीपी की माउंट मकालू की ऐतिहासिक चढ़ाई और स्वच्छता अभियान पर प्रकाश डाला



मेरे प्यारे देशवासियो, स्वच्छ भारत की बात हो और 'मन की बात' के श्रोता पीछे रहें ऐसा कैसे हो सकता है भला | मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब अपने-अपने स्तर पर इस अभियान को मजबूती दे रहे हैं | **लेकिन आज मैं आपको एक ऐसी मिसाल के बारे में बताना चाहता हूँ जहां स्वच्छता के संकल्प ने पहाड़ जैसी चुनौतियों को भी मात दे दी |**



**आप सोचिए, कोई व्यक्ति बर्फीली पहाड़ियों पर चढ़ाई कर रहा हो, जहाँ सांस लेना मुश्किल हो, कदम-कदम पर जान को खतरा हो और फिर भी वो व्यक्ति वहाँ सफाई में जुटा हो |** ऐसा ही कुछ किया है, हमारी ITBP की टीमों के सदस्यों ने | ये टीम, माउंट मकालू जैसे, विश्व की सबसे कठिन चोटी पर चढ़ाई के लिए गई थी | पर साथियो, उन्होंने सिर्फ पर्वतारोहण नहीं किया, उन्होंने अपने लक्ष्य में एक मिशन और जोड़ा 'स्वच्छता' का |



चोटी के पास जो कचरा पड़ा था, उन्होंने उसे हटाने का बीड़ा उठाया | आप कल्पना कीजिए, 150 किलो से ज्यादा non-biodegradable waste इस टीम के सदस्य अपने साथ नीचे लाए | **इतनी ऊंचाई पर सफाई करना कोई आसान काम नहीं है | लेकिन यह दिखाता है कि जहाँ संकल्प होता है, वहाँ रास्ते अपने आप बन जाते हैं |**

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने साझा की उत्तराखंड के हल्द्वानी में हरे कचरे से मूर्तियां बनाने वाले जीवन जोशी की प्रेरक कहानी



**मेरे प्यारे देशवासियो, आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूँ जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी हैं | नाम है - जीवन जोशी, उम्र 65 साल |** अब सोचिए, जिनके नाम में ही जीवन हो, वो कितनी जीवंतता से भरे होंगे | जीवन जी उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं | बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन पोलियो, उनके हौसलों को नहीं छीन पाया | उनके चलने की रफ्तार भले कुछ धीमी हो गई, लेकिन उनका मन कल्पना की हर उड़ान उड़ता रहा | इसी उड़ान में, जीवन जी ने एक अनोखी कला को जन्म दिया - नाम रखा 'बगेट' |



इसमें वो चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियाँ बनाते हैं | वो छाल, जिसे लोग आमतौर पर बेकार समझते हैं - जीवन जी के हाथों में आते ही धरोहर बन जाती है | उनकी हर रचना में उत्तराखंड की मिट्टी की खुशबू होती है | कभी पहाड़ों के लोक वाद्ययंत्र, तो कभी लगता है जैसे पहाड़ों की आत्मा उस लकड़ी में समा गई हो | जीवन जी का काम सिर्फ कला नहीं, एक साधना है | उन्होंने इस कला में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है | **जीवन जोशी जैसे कलाकार हमें याद दिलाते हैं कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर इरादा मजबूत हो, तो, नामुमकिन कुछ नहीं | उनका नाम जीवन है और उन्होंने सच में दिखा दिया कि जीवन जीना क्या होता है |**

# ADB ने दोहराई भारत में शहरी परिवर्तन और विकास प्राथमिकताओं के प्रति प्रतिबद्धता



ADB President Announces $10 Billion Plan for India's Urban Transformation

News Release | 01

SHARE THIS PAGE

ADB President Masato Kanda and Prime Minister of India Narendra Modi meet in New Delhi on 31 May 2025.



न्यूज़

Search

Home | Top Stories | National | International | Mann ki Baat | Education | Health | Business & Economy

Home • Top Stories • ADB fully supports India's development priorities under PM Modi: Masato...

05/05/25 | 5:16 pm

ADB Fully Supports India's Development Priorities Under PM Modi: Masato Kanda





केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 30 मई 2025 को एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) के अध्यक्ष श्री मसातो कांडा, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय विकास के महानिदेशक श्री टेको कोनिशी, कंट्री डायरेक्टर मिस मियो ओका और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के विकास, ऊर्जा सुरक्षा और शहरी परिवर्तन में ADB का निरंतर सहयोग सराहनीय है। यह यात्रा हमारे विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को नई गति प्रदान करती है।

# केंद्रीय मंत्री ने किया शहरी विकास पर राज्यों के साथ चर्चाओं का नेतृत्व



शहर के समग्र विकास पर चर्चा के लिए 8 मई 2025 को दिल्ली सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सार्वजनिक स्थलों के पुनर्विकास पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।

27 मई 2025 को केंद्रीय श्री मंत्री मनोहर लाल ने असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा से मुलाकात कर प्रमुख बुनियादी ढांचे और ऊर्जा संबंधी परियोजनाओं पर चर्चा की और राज्य के सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाई।





22 मई 2025 को केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर बिजली परियोजनाओं और शहरी विकास योजनाओं पर चर्चा की।

# केंद्रीय मंत्री ने किया शहरी विकास पर राज्यों के साथ चर्चाओं का नेतृत्व



27 मई 2025 को केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने गुजरात की परिवर्तनकारी शहरी विकास यात्रा के 20 वर्ष पूरे होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में गांधीनगर में आयोजित स्मारक समारोह में भाग लिया।

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला के साथ 12 जून 2025 को क्षेत्र में शहरी विकास संबंधी पहलों के कार्यान्वयन और प्रगति का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।





केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 23 मई 2025 को बेंगलुरु दौरे के दौरान कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री श्री डीके शिवकुमार से मुलाकात कर राज्य के विकास पर चर्चा की।

# शहरी परियोजनाओं की समीक्षा के लिए राज्य मंत्री ने किया राज्यों का दौरा



4 जून 2025 को आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने शहरी विकास और सहयोगात्मक पहलों के अवसरों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की।



5 जून 2025 को आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा के साथ शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न संगठनात्मक मामलों पर गहन चर्चा की।



15 जून 2025 को आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के साथ जिला खेल परिसर, सरकंडा, बिलासपुर में ₹40 करोड़ की लागत की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

# क्षमता निर्माण कार्यक्रम





द नैशनल सेंटर ऑफ गुड गवर्नेंस ने 15 मई 2025 को नई दिल्ली में इथियोपिया के सिविल सर्वेंट्स के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' की मेजबानी की। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने इथियोपिया के संसदीय नेताओं और अन्य वरिष्ठ प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विकास को गति देने में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की।

# समीक्षा बैठकें





केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 7 मई 2025 को दिल्ली में कर्नाटक की प्रमुख शहरी परियोजनाओं से जुड़ी प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री डी.के. शिवकुमार और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।



12 मई 2025 को केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने शहरी विकास के क्षेत्र में प्रगति का आकलन करने के लिए गोवा में मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 14 मई 2025 को मुंबई की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान राज्य की शहरी विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़नवीस और उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।






केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 23 मई 2025 को शहरी विकास में कर्नाटक की प्रगति का आकलन करने के लिए बेंगलुरु में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह चर्चा बेंगलुरु मेट्रो फेसेज़, लेगेसी वेस्ट मैनेजमेंट, वॉटर रीयूज और ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर केंद्रित थी।

4 जून 2025 को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने राज्य मंत्री श्री तोखन साहू के साथ स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन, अमृत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम-ई-बस सेवा और पीएम स्वनिधि सहित प्रमुख शहरी मिशनों की प्रगति का आकलन करने के लिए एक विस्तृत समीक्षा बैठक की।






स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

हमें फॉलो करें:

Swachh Bharat Mission – Urban @SwachhBharatGov sbm_urban Swachh Bharat Urban swachh-bharat-urban